आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 23.10.2025**

**मुख्य समाचारः–**

1– रोज़गार मेले का सत्रहवां चरण कल देशभर में चालीस स्थानों पर आयोजित किया जाएगा–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इंक्यावन हज़ार से ज़्यादा उम्मीदवारों को वितरित करेंगे नियुक्ति पत्र।

2– केन्द्र सरकार की "श्रेष्ठ योजना" के तहत अनुसूचित जाति के मेधावी विद्यार्थियों से तीस अक्टूबर तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं।

3– बस्तर ओलंपिक में हिस्सा लेने इस बार तीन लाख इंक्यानवे हजार से अधिक खिलाड़ियों ने कराया पंजीयन।

4– आज परंपरा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है भाईदूज का पर्व–प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज मातर का त्योहार भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

------------

**रोज़गार मेला**

रोज़गार मेले का सत्रहवां चरण कल चौबीस अक्टूबर को देशभर में चालीस स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये

देशभर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित समारोह में डाक विभाग और अन्य सरकारी विभागों के लिए इंक्यावन हज़ार से ज़्यादा उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे।

गौरतलब है कि रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक दस लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं।

**श्रेष्ठ योजना–आवेदन**

अनुसूचित जाति के मेधावी विद्यार्थियों को देश के सर्वश्रेष्ठ निजी आवासीय विद्यालयों में शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके लिए विद्यार्थियों से केन्द्र सरकार की "श्रेष्ठ योजना" के तहत तीस अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी–एनटीए द्वारा राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है। इसके माध्यम से कक्षा नवमीं और ग्यारहवीं में प्रवेश के लिए तीन हजार विद्यार्थियों का चयन किया जाता है, जो कक्षा बारहवीं तक की शिक्षा पूरी करते हैं। स्कूलों का आबंटन योग्यता और विद्यार्थियों की प्राथमिकता के आधार पर ऑनलाइन काउंसिलिंग के माध्यम से किया जाता है। इस योजना के तहत चयनित विद्यार्थियों की शिक्षा और छात्रावास शुल्क का पूरा खर्च भारत सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने सभी जिला कलेक्टरों को अपने–अपने जिलों में स्कूलों, वेबसाइटों और सोशल मीडिया के माध्यम से इस योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए हैं।

**मुख्यमंत्री–मुलाकात**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में पंजाब सरकार के राजस्व, पुनर्वास और आपदा प्रबंधन मंत्री हरदीप सिंह मुण्डियन और स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर बलबीर सिंह ने मुलाकात की। इस दौरान दोनों मंत्रियों ने मुख्यमंत्री को नौवें सिक्ख गुरु, गुरु तेगबहादुर के तीन सौ पचासवें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम में शामिल होने

के लिए आमंत्रित किया। मुलाकात के दौरान दोनों राज्यों के बीच आपसी सहयोग और सांस्कृतिक आदान–प्रदान को लेकर भी चर्चा हुई।

## बस्तर ओलंपिक–पंजीयन

बस्तर ओलंपिक में हिस्सा लेने के लिए इस बार बस्तर संभाग के सात जिलों से तीन लाख इंक्यानवे हजार से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया है। इनमें एक लाख तिरसठ हजार से ज्यादा पुरुष और दो लाख सत्ताईस हजार से अधिक महिला खिलाड़ी शामिल हैं। बस्तर ओलंपिक के तहत पच्चीस अक्टूबर से विकासखंड स्तर पर, पांच नवंबर से जिला स्तर पर और चौबीस नवंबर से संभाग स्तर पर प्रतियोगिताएं होंगी। बस्तर ओलंपिक में एथलेटिक्स, तीरंदाजी, फुटबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, खो–खो, वॉलीबॉल, कराते, वेटलिफ्टिंग और हॉकी जैसे खेलों का आयोजन किया जाएगा। विजेता खिलाड़ियों को जिला और संभाग स्तर पर नगद पुरस्कार, मेडल, ट्रॉफी और शील्ड प्रदान की जाएगी। वहीं, संभाग स्तर के विजेता खिलाड़ियों को "बस्तर यूथ आइकॉन" के रूप में प्रचारित किया जाएगा। यह 'स्पोर्ट्स फॉर पीस' मॉडल बस्तर में नई सामाजिक चेतना का प्रतीक बनेगा।

इसमें आधुनिक खेलों को बढ़ावा देने के साथ ही स्थानीय परंपरा से जुड़े खिलाड़ियों को भी मंच मिलेगा। 'बस्तर ओलंपिक' के लिए वन भैंसा और पहाड़ी मैना को शुभंकर बनाया गया है।

## वित्त मंत्री–निरीक्षण

वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने रायगढ़ जिले के गजमार पहाड़ स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर परिसर में चल रहे सौंदर्यीकरण और अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हनुमान मंदिर परिसर में हो रहे सौंदर्यीकरण कार्यों से पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही यह क्षेत्र धार्मिक पर्यटन के नए केंद्र के रूप में विकसित होगा।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की छब्बीस तारीख को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सत्ताईसवीं कड़ी है। लोग अपने सुझाव टोल फ्री नंबर – **एक आठ शून्य शून्य – एक एक – सात आठ शून्य शून्य** (1800 –11–7800) पर साझा कर सकते हैं। नरेन्द्र मोदी ऐप और माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से कल चौबीस अक्टूबर तक ऑनलाइन सुझाव दिये जा सकते हैं।

## उपमुख्यमंत्री/संस्कृति मंत्री–राज्योत्सव

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने आज नवा रायपुर में वन मंत्री केदार कश्यप और वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी के साथ राज्योत्सव तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के छत्तीसगढ़ प्रवास की तैयारियों को लेकर समीक्षा की। उन्होंने राज्योत्सव की तैयारियों में जुटे अधिकारियों को आयोजन में किसी भी तरह की कोताही नहीं बरतने और समय से पहले सभी तैयारियां पूरी करने को कहा।

इस बीच, संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने नवा रायपुर स्थित राज्योत्सव आयोजन स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि एक नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नवा रायपुर में पांच दिवसीय राज्योत्सव का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री देश के पहले आदिवासी डिजिटल संग्रहालय, नया विधानसभा भवन और ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की 'शांति शिखर' अकादमी का भी उद्घाटन करेंगे। अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान श्री मोदी सत्य सांई अस्पताल में हृदय उपचार से लाभान्वित बच्चों से भी मुलाकात करेंगे।

## भाईदूज

आज भाईदूज का पर्व पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर के विभिन्न जिलों में भाईदूज के मौके पर बहनों ने भाईयों के माथे पर तिलक लगाया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर भाईयों ने भी बहनों को उपहार दिया।

कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाए जाने वाले इस पर्व को यम द्वितीया भी कहते हैं। भाई के प्रति बहन के स्नेह को अभिव्यक्त करने वाले इस पर्व को लेकर एक किवदन्ति यह भी है कि यम देवता ने अपनी बहन यमी को लंबे इंतजार के बाद इस दिन दर्शन दिया था, तभी से यह प्रथा चली आ रही है।

राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को भाईदूज पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

वहीं, प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज मातर का त्योहार भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर कुछ स्थानों में अखाड़े के साधकों ने आकर्षक करतब भी दिखाए। वहीं, ग्रामीणों ने देवी–देवताओं की पूजा–अर्चना कर सुख–समृद्धि की कामना की। गौरतलब है कि आज के दिन राउत समुदाय के लोग मैदान में गायों के झुंड के बीच हैरतअंगेज करतब दिखाते हैं। साथ ही पारंपरिक लोकनृत्य राउत नाचा का भी प्रदर्शन करते हैं। वहीं, शाम को मड़ई का आयोजन किया जाता है।

## छठ/दीपावली–विशेष ट्रेन

रेलवे छठ पर्व पर अगले पांच दिनों में पंद्रह सौ विशेष रेलगाड़ियां चलाएगा। ये रेलगाड़ियां नियमित रेल सेवाओं के अतिरिक्त चलाई जाएंगी। रेलवे द्वारा एक अक्टूबर से तीस नवंबर तक इकसठ दिन के दौरान देशभर में बारह हजार से अधिक विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। यात्रियों ने भी त्योहारों पर बेहतर अनुभव के लिए रेलवे की विशेष व्यवस्थाओं की सराहना की है।

वहीं, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल द्वारा दीपावली और छठ पर्व पर यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर प्रभावी भीड़ प्रबंधन के लिए विभिन्न उपाय किए गए हैं। मंडल के प्रमुख स्टेशनों और ट्रेनों में अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती की गई है। वहीं, सार्वजनिक घोषणा प्रणाली और डिजिटल संकेतकों के माध्यम से यात्रियों को ट्रेनों की सटीक जानकारी समय पर दी जा रही है। प्लेटफॉर्म, फुटओवरब्रिज और कोचों के आसपास भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त कर्मचारी तैनात किए गए हैं। यात्रियों को सुरक्षित बोर्डिंग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही यात्रियों को चलती ट्रेन में चढ़ने–उतरने से बचने को कहा जा रहा है। इसके अलावा मंडल नियंत्रण कक्ष और वार रूम से रियल–टाइम मॉनिटरिंग के माध्यम से ट्रेन संचालन और भीड़ की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। रायपुर, दुर्ग, भाटापारा, भिलाई और पावर हाउस स्टेशनों में यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया का प्रावधान भी किया गया है। एम–यूटीएस और रेल वन ऐप के माध्यम से यात्री अब बिना लाइन में लगे अनारक्षित और प्लेटफॉर्म टिकट प्राप्त कर सकते हैं। मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने यात्रियों से रेलवे द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

**केदारनाथ/यमुनोत्रीधाम–कपाट बंद**

उत्तराखंड में विश्व प्रसिद्ध श्री केदारनाथ मंदिर और श्री यमुनोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए आज से बंद कर दिए गए हैं। केदारनाथ मंदिर के कपाट सुबह साढ़े आठ बजे और श्री यमुनोत्री धाम के कपाट दोपहर साढ़े बारह बजे बंद कर दिए गए।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>